पजांब केसरी 21-11-2025

# शिक्षक-अभिभावक का सीधा संवाद विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 20 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में वीरवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन तथा अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों से संबंधित विषयों पर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना था।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक का सीधा संवाद विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। किसी भी विद्यार्थी की सफलता तभी संभव है, जब अभिभावक और शिक्षक एक समान दृष्टिकोण और निरंतर संवाद के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने बताया कि उनके कॉलेज का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि वे केवल शैक्षणिक तौर पर ही नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और नैतिक रूप से भी सशक्त बन सकें।



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक में भाग लेते प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों के परिजन। (चंदमोहन)

डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कॉलेज में निरंतर शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, नई शैक्षणिक पहल शुरू करने और विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि उनके हर सुझाव और प्रतिक्रिया को गंभीरता से लिया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की राह और भी मजबूत की जा सके।

बैठक की संयोजिका सहायक प्राध्यापक डॉ. अंशु ने बैठक के उद्देश्य और गतिविधियों का विस्तार से वर्णन किया तथा अभिभावकों से सकारात्मक सहयोग बनाए रखने की अपील की। सभी प्राध्यापकों ने अभिभावकों से बातचीत कर विद्यार्थियों की समस्याओं, सीखने के माहौल, उपस्थिति और नियमितता पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

अभिभावकों ने भी मंच पर अपनी राय और सुझाव प्रस्तुत किए। कई अभिभावकों ने कॉलेज प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा छात्र हित में और अधिक गतिविधियां जोड़ने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का समापन सहायक प्राध्यापक डॉ. नीना द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।